भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1202

08.12.2025 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में 'कैम्पा' परियोजनाएँ

1202. **श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) के अंतर्गत आईटी आधारित एमआईएस, डैशबोर्ड, ड्रोन आधारित निगरानी, वन सीमाओं का डिजिटलीकरण जैसी नवीन प्रौद्योगिकियों को अपनाना तथा वनरोपण, वन पुनर्जनन और संबंधित संरक्षण गतिविधियों के माध्यम से सृजित हरित रोजगार के अवसरों की जिलावार संख्या कितनी है तथा विशेषकर कोनासीमा जिले में किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में विभिन्न 'कैम्पा' घटकों के अंतर्गत वर्षवार कितनी धनराशि आवंटित, वितरित और उपयोग की गई;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा 'कैम्पा' के अंतर्गत पारिस्थितिकी पर्यटन परियोजनाओं के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं;

(घ) यदि हाँ, तो स्वीकृत, जारी की गई धनराशि और कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उक्त राज्य में कैम्पा के अंतर्गत प्रत्येक जिले में आदर्श नर्सरी स्थापित की गई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा आंध्र प्रदेश, विशेषकर कोनासीमा जिले में आवंटित, वितरित और उपयोग की गई धनराशि, प्राप्त भौतिक प्रगति और कार्यान्वयन की जिला-वार स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) कोनासीमा जिला में तीन वर्षों में किए गए कार्यों का ब्यौरा अनुलग्नक- I में दिया गया हैं। इन कार्यों से वर्ष-दर-वर्ष सृजित हुए हरित रोजगार नीचे दिए गए हैं:-

वर्ष	**हरित रोजगार द्वारा सृजित कार्य दिवस**
2022-23	1216070
2023-24	765410
2024-25	1156082

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में कैम्पा घटकों के तहत आबंटित, वितरित और उपयोग की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

(करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	**वर्ष**	**आवंटित राशि**	**जारी निधि**	**उपयोग की गई निधि**
1.	2022-23	224.09	82.52	82.52
2.	2023-24	226.70	146.00	146.0
3.	2024-25	250. 11	134.45	129.94

(ग) से (च) नहीं।

*****

अनुबंध-I

'आंध्र प्रदेश में कैम्पा परियोजनाओं' के संबंध में माननीय सदस्य श्री जी.एम. हरीश बालयोगी द्वारा दिनांक 08.12.025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1202 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण

एपीओ वित्तीय वर्ष 2022-23,2023-24 और 2024-25 का जिला-वार किए गए कार्यों का ब्यौरा					
					(लाख रुपये में)
क्र. सं.	कार्य/घटक/ नियम		डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा		
			2022-23	2023-24	2024-25
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
1	**क्षेत्र विशिष्ट कार्यकलाप**				
क	एसीए	अतिरिक्त प्रतिपूरक वनीकरण			4.664
ख	पीसीए	दंडात्मक प्रतिपूरक वनीकरण			5.381
	सर्किल सीए कुल:-		**0.000**	**0.000**	**10.044**
2	**शुद्ध वर्तमान मूल्य**				
	एनपीवी के 80% के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यकलाप				
क	5(2) (क)	सहायक प्राकृतिक पुनर्जनन			
ख	5(2) (ख)	कृत्रिम पुनर्जनन		5.250	8.543
ग	5(2) (घ)	वनों और वृक्षारोपण का संरक्षण		1.935	6.001
	उप-योग-5 (2):-		**0.000**	**7.185**	**14.544**
	एनपीवी के 20% के अंतर्गत प्रस्तावित कार्य (सीएएफ नियमावली, 2018-नियम 5(3) के अनुसार)				
क	5(3) (ख)	जैविक विविधता के संरक्षण, सतत उपयोग और दस्तावेज़ीकरण को बढ़ावा देना जिसमें पर्यावासों का संरक्षण, भूमि और देशी किस्मों और कृषि प्रजातियों का संरक्षण, पालतू पशुओं और सूक्ष्मजीवों की नस्लों और प्रजातियों का संरक्षण तथा जैव विविधता से संबंधित ज्ञान का अभिलेखीकरण			5.000
ख	5(3) (ग)	वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए संचार-व्यवस्था और सूचना तकनीकी में उपयोग होने वाले साधनों का विक्रय और अनुरक्षण			0.940

ग	5(3) (च)	राज्य निधि से संचालित वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों में राज्य वन विभाग के नियमित स्टाफ की सहायता हेतु स्थानीय लोगों/ श्रमिकों की अस्थायी रूप से नियुक्ति।		3.327	1.202
घ	5(3) (ज)	राज्य निधि से किए गए विभिन्न कार्यों की स्वतंत्र समवर्ती निगरानी और मूल्यांकन और अन्य पक्ष निगरानी			2.151
	उप-योग -5 (3):-		**0.000**	**3.327**	**9.293**
	एनपीवी कुल -5(2) +5 (3):-		**0.000**	**10.512**	**23.836**
	कुल योग		**0.000**	**10.512**	**33.881**